# 895 नशीले इंजेक्शन के साथ महिला समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

## जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम के हत्थे चढ़ा ड्रग्स माफिया गिरोह

-कार्यालय संवाददाता-


जयपुर। पुलिस आयुक्तालय जयपुर की सीएसटी टीम ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए विद्याधर नगर क्षेत्र से ड्रग्स माफियाओं के एक गिरोह को दबोचा है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 895 सीलबंद नशीले इंजेक्शन बरामद किए है।

पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने बताया कि शहर में पाकावील जैसे नशीले इंजेक्शन की तस्करी और सेवन को लेकर लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। इसके बाद सीएसटी की एक विशेष टीम गठित कर तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के आधार पर निगरानी शुरू की गई। टीम ने विद्याधर नगर इलाके में दबिश देकर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपितों में मोहम्मद अब्दूला शाह (45) पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी बापू जेडीए कच्ची बस्ती, विद्याधर नगर, महिला ड्रग्स तस्कर प्रेम देवी (51) पत्नी रामफूल तथा रेखा देवी (28) पत्नी सोनू, दोनों निवासी बापू कच्ची बस्ती, विद्याधर नगर शामिल हैं।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित स्मैक का नशा करने वालों को पाकावील इंजेक्शन में स्मैक की थोड़ी मात्रा मिलाकर गर्म कर नस के जरिए इंजेक्शन लगाते थे। इससे नशा अधिक समय तक रहता है और यह स्मैक की तुलना में सस्ता पड़ता है। आरोपित मेडिकल स्टोर से सस्ते दामों पर इंजेक्शन खरीदकर कच्ची बस्ती और नालों के आसपास रहने वाले गरीब तबके के लोगों और नाबालिगों को निशाना बनाते थे। नाबालिग बच्चों से इंजेक्शन लगवाकर प्रति शीशी 150 से 200 रुपए में नशीले इंजेक्शन बेचने का खुलासा भी हुआ है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर नेटवर्क के अन्य सदस्यों और नशीले इंजेक्शन की आपूर्ति श्रृंखला के बारे में जानकारी जुटा रही है।





पुलिस आयुक्तालय की सीएसटी टीम ने विद्याधर नगर क्षेत्र से तीन ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नशीले इंजेक्शन की खेप जब्त की।

- आरोपित कच्ची बस्ती और नालों के आसपास रहने वाले लोगों को 150 से 200 रुपए में नशीले इंजेक्शन बेचते थे
- पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों और इसके नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हुई है

# युवक ने फंदे से झूल कर आत्महत्या की

- मृतक किराए के कमरे में रहकर करता था वैल्डिंग का काम, पिछले कई दिनों से मानसिक अवसाद में भी था

जयपुर। बगरु थाना इलाके में शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फंदे से झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पड़ोसी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि मृतक काफी दिनों से अवसाद में था। थानाधिकारी राजेंद्र कुमार गोदारा ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी दीपक राय (22) बगरु रिको इलाके में किराए का कमरा लेकर रहता था और वेल्डिंग करने का काम करता था। शुक्रवार सुबह दीपक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार को काम पर नहीं पहुंचने पर पड़ोसी उसके कमरे में पहुंचा तो दीपक फंदे से झूलता हुआ मिला। घबराए पड़ोसी ने मामले की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से कमरे की तलाशी ले महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। लेकिन पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ।

# उपमुख्यमंत्री ने बढ़ाया रक्तदाताओं का उत्साह

## शिविर में 159 यूनिट रक्तदान, 1365 लोगों को मिला नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श



जयपुर। सीकर रोड स्थित श्री स्वयंवर मैरिज गार्डन मुरलीपुरा में रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर हरि ओम जनसेवा समिति, जयपुर एवं अम्बे अस्पताल, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया था। शिविर में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। शिविर में कुल 159 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि 1365 लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श लिया। शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय जांचे की गई तथा जरूरतमंदों को दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गई। हरि ओम जनसेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल ने बताया कि शिविर में आमजन की भागीदारी उत्साहजनक रही और लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक एवं संस्थापक राजेन्द्र सदानंद महाराज, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. आनंदी शर्मा, समाजसेवी सुमेर सिंह शेखावत, समाजसेवी संदीप शर्मा, निवर्तमान पार्षद अध्यक्ष सुरेश जांगिड़, किन्नर समाज प्रमुख खुशबू भाई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अशोक शर्मा, रतन कानूनगो, अशोक दीक्षित, भानु प्रकाश शर्मा, बुद्धकरण परसरामपुरिया, पार्षद राधेश्याम शर्मा, पार्षद दिनेश कांवट, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, भवानी निकेतन मंडल अध्यक्ष जयंत कुमावत, देवेंद्र राजावत, राधेश्याम अग्रवाल, संजय सक्सेना, संजय सिरसिला मौजूद थे।

# महिला यात्री ने एयरपोर्ट पर सी.आई.एस.एफ. की महिला जवान से की धक्का-मुक्की

## ज्यादा लगेज होने पर रोका तो महिला यात्री ने की अभद्रता, जबरन एंट्री का प्रयास भी किया

जयपुर (कासं)। सांगानेर एयरपोर्ट पर शनिवार को एक महिला यात्री ने भारी लगेज के साथ एयरपोर्ट में जबरन घुसने का प्रयास किया। वहीं पर सीआईएसएफ की महिला जवान ने उसे रोकने का प्रयास किया तो गुस्साई महिला यात्री ने सीआईएसएफ की महिला जवान के साथ अभद्रता शुरु कर दी और धक्का-मुक्की करने लग गई। जिसके बाद सीआईएसएफ की महिला जवान ने एयरपोर्ट थाने पहुंच महिला यात्री के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

एएसआई रामलाल ने बताया कि सीआईएसएफ की महिला जवान का आरोप है कि शनिवार दोपहर करीब सवा तीन बजे उसकी जयपुर एयरपोर्ट टर्मिनल-2 पर चेक-इन गेट पर ड्यूटी लगी हुई थी। इसी दौरान एक महिला यात्री जयुपर से मुंबई फ्लाइट पकड़ने के लिए आई थी। भारी लगेज होने के कारण सीआईएसएफ की महिला जवान ने उसे रोका तो महिला यात्री ने उसके साथ धक्का -मुक्की करना शुरु कर दिया और जबरन एयरपोर्ट में प्रवेश करने का प्रयास करने लगी। काफी समझाईश के बाद भी महिला यात्री सीआईएसएफ की महिला जवान के साथ धक्का - मुक्की करती रहीं। जिसके बाद सीआईएसएफ की महिला जवान ने महिला यात्री के खिलाफ थाने पहुंच मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला यात्री की तलाश शुरु कर दी है।

- सांगानेर एयरपोर्ट पर शनिवार की घटना, यात्री के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज

# अरावली पर्वतमाला क्षेत्र के 20 कलक्टर और पुलिस अधीक्षकों को अभियान के निर्देश

जयपुर। अरावली पर्वतमाला क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सोमवार से चलाये जा रहे संयुक्त अभियान के संचालन व समन्वय के संबंध में 20 जिलों के जिला कलक्टरों व पुलिस अधीक्षकों को अभियान की विस्तृत रुपरेखा के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। रविकान्त ने बताया कि यह अभियान अलवर, खैरथल-तिजारा, झुन्झुनू, सीकर, जयपुर, दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अजमेर, भीलवाड़ा, ब्यावर, टोंक, कुचामन-डीडवाना, पाली, सिरोही, राजसमंद, उदयपुर, सलूंबर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिलों में संचालित होगा। अभियान के दौरान अवैध खनन, निर्गमन और भण्डारण सहित अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ चलाया जाएगा। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को खान-वन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों की क्रियान्विति में 29 दिसंबर से संयुक्त अभियान चलाने की तैयारियां सुनिश्चित करने के साथ ही जरुरी दिशा-निर्देश जारी करते हुए कलक्टरों को पत्र लिखा है।

# भिवाड़ी में अवैध मादक पदार्थ फैक्ट्री का भंड़ाफोड, तीन आरोपी गिरफ्तार

## ए.टी.एस. गुजरात और एस.ओ.जी. राजस्थान टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर 21 किलो 100 ग्राम नशे की खेप जब्त की

जयपुर (कासं)। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) गुजरात और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) राजस्थान जयपुर की संयुक्त कार्रवाई में भिवाड़़ी जिले में संचालित अवैध मादक पदार्थ फैक्ट्री का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में फैक्ट्री से 21 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एटीएस) विशाल बंसल ने बताया कि एटीएस गुजरात टीम के पुलिस निरीक्षक पीयूष देसाई को सूचना मिली थी कि भिवाड़ी जिले में अवैध मादक पदार्थों की फैक्ट्री संचालित की जा रही है। सूचना के आधार पर एसओजी राजस्थान जयपुर के निर्देशन में एसओजी पुलिस निरीक्षक मनीष चारण के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने भिवाड़ी थाना क्षेत्र में दबिश देकर अवैध फैक्ट्री का पता लगाया। मौके पर थानाधिकारी भिवाड़ी के सहयोग से फैक्ट्री की तलाशी ली गई। जहां से 21 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ। इसके साथ ही अंकुर निवासी आगरा, अखिलेश निवासी भदोही ओर कृष्णा निवासी बनारस को को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना भिवाड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में मादक पदार्थ की सप्लाई चेन और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।



एटीएस गुजरात और एसओजी राजस्थान की टीम ने रविवार को नशे के कारोबार में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### गैलरी ऑफ़ डोरो का शुभारंभ




जयपुर। गुलाबी नगरी जीवंत कला परिदृश्य में एक नए रचनात्मक केंद्र का साक्षी बना, जब वरिष्ठ कलाकार, स्वाति कौशिक द्वारा स्थापित गैलरी ऑफ़ डोरो में सुस्पष्ट रूप से क्यूरेट की गई पहली समकालीन अफ़ोर्डेबल आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। नंदपुरी स्थित इस गैलरी ने रविवार को अपने द्वार खोले, जिससे सुगम और संवादपरक समकालीन कला को समर्पित एक नए सांस्कृतिक स्थल की शुरुआत हुई। उद्घाटन प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों के कार्य प्रदर्शित किए गए, जिनमें शैलियों, विषयों और दृश्य भाषाओं की विविधता देखने को मिली। एक्रिलिक माध्यम में बनी इन सभी कृतियों में अमूर्त अभिव्यक्तियां, फिगरेटिव कथाएं, क्षेत्रीय परंपराएं और शहरी संवेदनाएं प्रस्तुत की गई। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकारों में जयपुर से अमित कल्ला, श्रिकांत रानगा, महाराष्ट्र पुणे से मनोज दरेकर, झारखंड से सी. आर. हेम्ब्रम, कोलकाता से सोमन शाह तथा जयपुर के मनवेंद्र सिंह की राजस्थानी पारंपरिक चित्रशैली शामिल रही। इस प्रदर्शनी का क्यूरेशन आर्ट क्यूरेटर हेम राणा द्वारा किया गया, जिसकी शोधपरक और संवेदनशील दृष्टि प्रदर्शनी में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

### जनरल काउन्सिल की वार्षिक बैठक



जयपुर। श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति की जनरल काउन्सिल एवं जनरल असेम्बली की संयुक्त वार्षिक बैठक श्री भवानी निकेतन छात्र महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। सर्वप्रथम शिक्षा समिति के सचिव सुदर्शन सिंह सुरपुरा ने सभी शिक्षण संस्थाओं की प्रगति का प्रतिवेदन पढ़कर सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया तथा शिक्षण संस्थाओं के आय-व्यय का ब्यौरा श्याम सिंह मण्ढा कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन पर नगेन्द्र सिंह बगड़, अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सदस्यों को विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया तथा सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर अमल करने के लिए आश्वासन दिया गया।

### 'जेन ऑस्टिन एट 250' पर पैनल चर्चा



जयपुर (कासं)। जयपुर के अशोक क्लब में आयोजित एक रोचक साहित्यिक पैनल चर्चा में प्रसिद्ध लेखिका जेन ऑस्टिन के 250 वर्ष पूरे होने पर उनकी विरासत को याद किया गया। 'जेन ऑस्टिन एट 250: रिफ्लेक्टिंग ऑन हर एंड्यूरिंग लिगेसी' विषय पर आयोजित इस संवाद में ऑस्टिन की आज के समय में बनी हुई प्रासंगिकता और समाज को लेकर उनकी तीखी समझ पर चर्चा की गई। इस सत्र में प्रो. सुधा राय मुख्य वक्ता और संचालक रहीं। उनके साथ प्रो. अंशू शर्मा, प्रो. नरेंद्र कुमार और प्रो. प्रीति अग्रवाल भी शामिल हुए, जिन्होंने अलग-अलग संस्कृतियों और पीढ़ियों में जेन ऑस्टिन की साहित्यिक विरासत पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन प्रभा खेतान फाउंडेशन की सहयोग पहल के तहत किया गया। चर्चा के दौरान ऑस्टिन को एक ऐसी लेखिका के रूप में याद किया जिनका लेखन तर्क और विवेक से भरपूर था। उनके द्वारा लिखी कहानियां महिलाओं की रोज़मर्रा की ज़िंदगी की सच्चाइयों से गहराई से जुड़ी थी। चर्चा का समापन श्रोताओं के साथ प्रश्न-उत्तर राउंड के साथ हुआ। इससे पूर्व, स्वागत संबोधन तुषारिका सिंह ने दिया और सेशन का समापन अजय सिंघा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# 350 स्वयं सहायता समूहों की सशक्त पहचान बना सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला

## देशभर के हस्तशिल्प उत्पाद, व्यंजन और लोक कला एक ही मंच पर

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 18 दिसंबर से शुरू हुआ सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला पूरे भारत के लिए सशक्त मंच बना है। यहां 350 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों और उनके उत्पादों व कला को पहचान मिली है।

आगामी 4 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों की विशिष्ट टेक्सटाइल परंपराएँ, लोक हस्तशिल्प और सांस्कृतिक कलाएं एक ही मंच पर जीवंत दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस मेले के उद्घाटन के बाद मंत्री, विधायक, आईएएस-आईपीएस और वरिष्ठ अधिकारी भी यहां आकर महिलाओं का मनोबल बढ़ाते हुए मेले की सराहना कर रहे है। मेले में अब तक 1 लाख़ से ज्यादा लोग आ चुके हैं और आगामी सप्ताह में यह संख्या और बढ़ेगी।

मेले में देशभर के 350 से अधिक स्वयं सहायता समूहों द्वारा 2000 से अधिक हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध कराए है। स्टॉल्स पर गोटा-पट्टी, ज़री, लहरिया, बंधेज, अजरक, ब्लॉक प्रिंट, कांथा वर्क, टसर सिल्क, पश्मीना और ऊनी वस्त्रों की मनमोहक छटा देखने को मिलती है, जिनमें कुर्तियाँ, घाघरे, लहंगे, साड़ियां, सूट, दुपट्टे, बेडशीट, तकिए और सोफा कवर शामिल हैं। इसके अलावा बणी-ठणी, मधुबनी और अन्य लोक शैलियों की पारंपरिक व पोर्ट्रेट पेंटिंग्स, कोर्सेट, ड्रेस और टू-पीस सेट जैसे हस्तनिर्मित परिधान कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। मेले में बहुरंगी सजावटी उपहार, लकड़ी और टेराकोटा की कलाकृतियाँ, घोड़ा-हाथी और राजा-रानी की आकृतियाँ, पारंपरिक मोचड़ी जूतियाँ, जूट बैग, बाँस की कलात्मक वस्तुएँ, मिट्टी के बर्तन, ऑर्गेनिक मसाले, स्नैक्स, माउथ फ्रेशनर, कैंडी और शुगर-फ्री चॉकलेट जैसी विविध वस्तुएँ भी उपलब्ध है।

सरस राजसखी मेले में 18 दिनों तक प्रतिदिन विभिन्न हिस्सों की लोक कला, नृत्य और संगीत को मंच मिल रहा है। राजस्थान का चरी, घूमर और कालबेलिया नृत्य, शहनाई व नगाड़ा वादन, भरतपुर का मयूर नृत्य और उत्तर प्रदेश की फूलों की होली ने माहौल को रंगीन बना दिया, वहीं असम के बिहू, बैशाली, कार्बी, धमाही और शास्त्रीय सत्रिया नृत्य ने पूर्वोत्तर की परंपराओं से परिचय कराया। पंजाब के गिद्दा और भांगड़ा की ऊर्जावान प्रस्तुतियों, मिजोरम के पारंपरिक चैरो नृत्य, महाराष्ट्र की लावणी और गोंडल नृत्य और नागालैंड के आओनागा और कबोनागा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, जबकि भव्य फैशन शो में अभिनेत्री डेज़ी शाह की उपस्थिति और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का आत्मविश्वास से भरा रैम्प वॉक विशेष आकर्षण रहा। मेले में जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद खास आकर्षण का केंद्र बने हुए है, जिनमें कैमोमाइल, बुरांश (रोडोडेंड्रोन), बिच्छू बूटी, मसाला और बाजरा चाय, कच्चा शहद, सेब, गुड़, सूखे मेवे, घी से बनी पारंपरिक मिठाइयाँ, अचार, आँवला मुरब्बा और कैंडी शामिल हैं। साथ ही बाजरा व ज्वार बिस्कुट, बाजरे की कुकीज़, शुगर फ्री चॉकलेट, मिल्क केक, भुने हुए स्नैक्स, बीकानेरी मसाले जैसे धनिया, मिर्च, हल्दी और कसौरी मेथी, बीकानेरी भुजिया, पापड़ व मंगोड़ी भी लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।

मेले में दैनिक लकी खरीदार अवॉर्ड योजना भी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यहां प्रतिदिन लकी ड्रॉ से दो भाग्यशाली खरीदारों को 20 से 50 हजार तक के उपहार दिए जा रहे हैं। इसके लिए न्यूनतम 1000 की खरीदारी पर वैध बिल के साथ कूपन शाम 5 बजे तक जमा करने वाले खरीदार इस ड्रॉ के पात्र हैं, जो प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे के बीच पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जा रहा है।

- मेले में खरीददारी करने वालों को प्रतिदिन 20 से 50 हजार रुपये तक के पुरस्कार भी लकी ड्रॉ के माध्यम से दिए जा रहे हैं, जो कि विशेष आकर्षण का केन्द्र है



जवाहर कला केन्द्र में आयोजित सरस राजसखी मेले में विभिन्न राज्यों की लोक कलाओं की प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही है।

# बम धमाकों की झूठी सूचना देने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा



- आरोपी ने सांगानेर, वैशाली नगर और रेलवे जंक्शन पर बम ब्लास्ट की धमकी देकर माहौल बिगाड़ा था

जयपुर। सांगानेर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सांगानेर स्थित आनंद विहार, वैशाली नगर और रेलवे जंक्शन में बम ब्लास्ट की धमकी देने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात के काम में लिए जाने वाले मोबाइल फोन को जब्त किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि गत 28 दिसम्बर को पुलिस कंट्रोल रुम जयपुर को सांगानेर स्थित आनंद विहार में बम ब्लास्ट की सूचना मिली थी। मामले को गंभीरता से देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल रघुकुल गायत्री नगर टोंक रोड सांगानेर व आसपास की सघन तलाशी ली गई और भीड़भाड़ वाले इलाके को तुरंत खाली करवाया गया। पुलिस ने छानबीन करते हुए झूठी सूचना देने के आरोप में रवि मीणा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त रवि मीणा खिरखिडा बालौती, सपोटरा, करौली का रहने वाला है और सांगानेर स्थित रघुकुल होटल में वेटर का काम करता है। आरोपी के पास बेचलर ऑफ आर्टस की डिग्री भी है। इससे पूर्व आरोपी गुजरात में टाईल लगाने का काम करता था। अभियुक्त रवि मीणा ने शराब का सेवन करने के बाद होटल की छत से अपने मोबाइल फोन से पुलिस कंट्रोल रुम को आनंद विहार सांगानेर, वैशाली नगर व रेलवे जंक्शन पर बम ब्लास्ट होने की धमकी दी थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि रवि मीणा ने जानबूझकर बम ब्लास्ट की धमकी दी थी ताकि वो देख सके की झूठी बम की सूचना देने पर पुलिस कार्रवाई करती है या नहीं, और बम की धमकी देने से जंक्शन पर मौजूद लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त के पुराने अपराधिक रिकॉर्ड खंगालने का प्रयास कर रही है।